# राजस्थान समसामयिकी

# जून, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी जून, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 3 June, 2026

### पूरे देश में आभा आईडी बनाने में राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा; 7.19 करोड़ से अधिक आभा खाते राजस्थान में, 90 करोड़ से अधिक आभा खाते देश मे–

देश की स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और मरीज केन्द्रित बनाने की दिशा में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अभियान में राजस्थान की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही है, जिसने डिजिटल स्वास्थ्य पहचान के विस्तार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। सात करोड़ लाख से अधिक आभा आईडी बनाते हुए राजस्थान ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

**क्या है आभा आईडी**

- 14 अंकों की यूनिक हेल्थ आईडी
- मेडिकल रिकॉर्ड का डिजिटल भंडार
- लैब रिपोर्ट, दवाइयों के पर्चे व बीमारी का इतिहास से सुरक्षित
- कागजी दस्तावेज रखने की जरूरत कम
- मरीज की अनुमति के बिना डेटा नहीं देख जा सकता

**मरीजों का फायदा**

- पुरानी मेडिकल हिस्ट्री तुरंत उपलब्ध
- सही समय पर बेहतर इलाज
- अस्पताल और डॉक्टरों के बीच आसान डेटा साझा

### राजस्थान में नया बिल्डिंग बायलाज लागू; अब 70 मीटर से ऊँची बिल्डिंग बन सकेगी–

राजस्थान में नए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज लागू होंगे। सरकार ने बड़ा बदलाव करते हुए शहरों में बहुमंजिला (हाईराइज) इमारतों की ऊँचाई पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। अभी शहरों में 70 मीटर की ऊँचाई तक ही बिल्डिंग बनाने की सीमा तय थी। हाईराइज बिल्डिंग की ऊँचाई का यह प्रतिबंध हटाने का फैसला उन इमारतों पर लागू होगा, जिनमें पुख्ता फायर फाइटिंग सिस्टम (अग्निशमन प्रणाली) उपलब्ध होगा। इससे पहले, भवन निर्माण की फायर एनओसी लेने से पहले भवन की ऊँचाई से संबंधित दस्तावेज मांगे जाते थे।,

साल 2020 से राजस्थान में सबसे ऊँची फायर लेडर (अग्निशमन सीढ़ी) की ऊँचाई के आधार पर अधिकतम 70 मीटर ऊँचे भवन निर्माण की अनुमति का प्रावधान लागू किया गया था। यानी नए नियमों के तहत तय मापदंडों का पालन करने पर भवन की ऊँचाई कितनी भी बढ़ाई जा सकेगी।

## Newspaper of 4 June, 2026

### 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारम्भ हुआ–

3 जून, 2026 को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने अलवर जिले के बगड़ राजपूत गाँव से जिला स्तरीय अभियान का शुभारम्भ किया। इसका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग को कम कर किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना है। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 1-30 जून, 2026 तक संचालित किया गया। नारा ''स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान, समृद्ध भारत।''

## Newspaper of 5 June, 2026

### राजस्थान समान नागरिक संहिता विधेयक के लिए समिति गठित–

जून 2026 में राजस्थान सरकार ने प्रदेश ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) लागू करने के लिए 'राजस्थान समान नागरिक संहिता, 2026' के विधेयक का प्रारूप तैयार करने हेतु एक पाँच सदस्यीय उच्च स्तरीय का गठन किया है।

- उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।
- 14 अप्रैल, 2026 मंत्रिमण्डल के निर्णय के अनुसार, इसके अंतर्गत आदिवासी समुदाय के रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखा जाएगा।
- समिति के सदस्य–शत्रुघ्न सिंह (सेनानिवृत्त IAS), बसंत सिंह छाबा (अतिरिक्त महाधिवक्ता), रामस्वरूप अग्रवाल (सेवानिवृत्त प्राचार्य) और डॉ. शुचि चौहान। समिति के सदस्य-सचिव अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) होंगे।
- **संवैधानिक प्रावधान**–यह कदम संविधान के भाग 4 में वर्णित राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के अनुच्छेद 44 के तहत उठाया का निर्देश देता है।

### कुंदनपुरा गाँव में स्थापित हुआ देश का पहला एग्री पीवी प्लांट–

जून, 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के जयपुर जिले के बस्सी-तूंगा क्षेत्र में स्थित कुंदनपुरा गाँव में देश का पहला एग्री-

पीवी (Agri-PV) पायलट प्लांट स्थापित किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य एक ही भूमि पर सौर ऊर्जा का उत्पादन और कृषि दोनों का एक साथ संभव बनाना है। इस तकनीक को अपनाने वाले देश के पहले प्रगतिशील किसान कुंदनपुरा के कजोडमल जाट हैं।

**तकनीकी विशेषताएँ व सहयोग**–यह 0.5 मेगावाट का प्लांट है, जो वर्ष 2023 में कंपोनेट-ए के तहत स्थापित किया गया था। इसे 'इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस' (ICRIER) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के वित्तीय सहयोग से तैयार किया गया है। इसमें सोलर पैनलों को 10-12 फीट की ऊँचाई पर लगाया जाता है, जिससे नीचे फसलों को आवश्यक धूप मिलती रहे और ट्रैक्टर आसानी से घूम सके।

## Newspaper of 6 June, 2026

### पीएम सूर्यघर योजना–श्रेष्ठ उपलब्धि के लिए राजस्थान को 6 पुरस्कार–

- प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारत सरकार ने राजस्थान को सम्मानित किया है।
- 4 जून, 2026 को केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किए।
- इस दौरान 90 लाख से 1.50 करोड़ विद्युत उपभोक्ता वाले राज्यों के तहत मई माह के दौरान रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों के सर्वाधिक आवेदन, इंस्टॉलेशन, निरीक्षण तथा वेंडर्स के रजिस्ट्रेशन की कैटेगरी में राजस्थान को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- इसी तरह सर्वाधिक इंस्टॉलेशन वाले 10 सर्वश्रेष्ठ जिलों की कैटेगरी में जयपुर को 7वें स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।
- जयपुर डिस्कॉम की अधीक्षण अभियंता (पीएम सूर्यघर) महिमा साराभाई ने यह सम्मान ग्रहण किया।
- इसके अतिरिक्त वेंडर श्रेणी में मई माह के दौरान उत्तर क्षेत्र के राज्यों में सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन की कैटेगरी से मिलन और ऊर्जा केन्द्र को भी द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रकार राजस्थान को इस योजना में कुल 6 पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

## Newspaper of 7 June, 2026

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान में राजस्थान देशभर में अव्वल रहा; इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य; 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य–

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने की घोषणा की थी। इस क्रम में अब तक प्रदेश में 19 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर झालाना के विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में बरगद का पौधा रोपकर 'हरियालो राजस्थान' और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ कर दिया है।

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान**–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून, 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था।

- इस पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व को माताओं के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ जोड़ना है।
- राजस्थान में 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' और 'हरयाळो-राजस्थान' जैसे कार्यक्रमों को एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जोड़कर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है।

## Newspaper of 9 June, 2026

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व: राजस्थान के 1008 वरिष्ठ नागरिकों ने प्रथम ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन किए–

सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत राजस्थान के 1008 वरिष्ठ नागरिक श्रद्धालुओं ने गुजरात स्थित श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य एवं भव्य दर्शन किए।

- राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग और गुजरात सरकार के सहयोग से संचालित इस विशेष यात्रा के तहत श्रद्धालुओं का 6 जून को वेरावल रेलवे स्टेशन पहुँचने पर भव्य स्वागत किया गया।
- सोमनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने संध्या आरती में भाग लिया तथा लाइट एंड साउंड शो का आनंद लिया।
- यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को गोलोकधाम, राम मंदिर, बाणगंगा, भालका तीर्थ, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व गैलरी एवं हाट बाजार का भ्रमण भी कराया गया।

### प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026

- 4-8 जून, 2026 तक एका एरिना, अहमदाबाद में आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैम्पियनशिप में 79 देशों के 522 एथलीटों ने भाग लिया। इसका शुभंकर 'वीर द लॉयन' रहा।

- भारत ने 102 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 114 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान प्राप्त किया। जापान दूसरे तथा अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर रहा।
- राजस्थान के देवांशी शर्मा, गायत्री देवी, अर्जुन परिहार, ऋतिक बिश्नोई (2 स्वर्ण), आर्यांशी स्वामी (2 स्वर्ण) तथा अर्जुन परमार (2 स्वर्ण) ने स्वर्ण पदक जीते। तथा सुमन यादव ने सीनियर-बी महिला फॉरवर्ड बेंड वर्ग में रजत पदक जीता। जयपुर मूल की प्रीति जैमिनी ने सीनियर-बी महिला फॉरवर्ड बेंड में 38.15 अंक के साथ रजत पदक प्राप्त किया।
- राजस्थान पुलिस की कॉन्स्टेबल एवं पूर्व पहलवान देवांशी शर्मा ने सीनियर-बी हैंड बैलेंस इंडिविजुअल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## Newspaper of 11 June, 2026

### राजस्थान में एक करोड़ से अधिक के दान पर 'शिक्षा विभूषण' मिलेगा–

राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र मे योगदान देने वाले भामाशाहों को सम्मानित करने के लिए जून, 2026 माह में सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस वर्ष ₹1 करोड़ या अधिक दान करने वाले दानदाताओं को 'शिक्षा विभूषण सम्मान' प्रदान किया जाएगा। ₹50 लाख या इससे अधिक के कार्यों के लिए प्रेरित करने वालों को राज्य स्तरीय सम्मान तथा ₹5 लाख से अधिक के कार्यों के लिए जिला स्तरीय प्रेरक सम्मान मिलेगा। ₹30 लाख से ₹1 करोड़ तक दान देने वालों को 'शिक्षा भूषण सम्मान' मिलेगा। तथा ₹1 लाख से ₹30 लाख तक दान देने वालों को जिला स्तरीय समारोह में 'शिक्षा श्री सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

## Newspaper of 12 June, 2026

### राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका 'गवरी देवी' का निधन हुआ–

11 जून, 2026 को राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी (98) का निधन हो गया। गवरी देवी करीब 8 दशक तक मांड गायिकी क्षेत्र में सक्रिय रही। वह बहू सुंदरदेवी और पोती नीतू को विरासत में मांड गायिकी सौंपकर गयी।

उल्लेखनीय है कि गवरी देवी का जन्म बाड़मेर जिले के कोरण गांव में हुआ था। इनके माता-पिता पेशेवर कलाकार थे जिनसे प्रेरणा लेकर उन्होंने मांड गायिकी की बारीकियाँ सीखीं।

### केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एमएनआईटी जयपुर में क्वांटम एवं एआई लैब की घोषणा की–

11 जून, 2026 को केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT) जयपुर में एडवांस्ड क्वांटम कंम्प्यूटिंग एवं क्वांटम कम्युनिकेशंस लैब तथा एआई लैब स्थापित करने की घोषणा की।

यह लैब क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन (QKD) क्वांटम कंम्प्यूटिंग सिमुलेशन, क्वांटम सेंसिंग तथा पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी अनुसंधान पर केन्द्रित होगी। इसमें उन्नत कंम्प्यूटिंग एवं शोध सुविधाएँ विकसित की जाएँगी तथा इसे India AI मिशन नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। छात्रों को लैब रिसर्च के डिजिटल ट्विन आधारित 'सेमीवर्स' प्लेटफॉर्म पर 3D चिप संरचना, चिप निर्माण प्रक्रिया एवं वर्चुअल सिमुलेशन का प्रशिक्षण मिलेगा।

### रामगढ़ (जैसलमेर) में 20 किलोवाट एफएम ट्रांसमीटर शुरू हुआ–

11 जून, 2026 को केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आकाशवाणी जयपुर परिसर से जैसलमेर जिले के रामगढ़ में 20 किलोवाट आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर का वर्चुअल उद्घाटन किया। यह ट्रांसमीटर सीमावर्ती क्षेत्र में लगभग 80 किमी दायरे तथा जैसलमेर जिले के करीब 20000 वर्ग किमी क्षेत्र में रेडियो प्रसारण पहुँचाएगा। इसके शुरू होने से राजस्थान में एफएम ट्रांसमीटरों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह पहल सीमावर्ती क्षेत्रों में आकाशवाणी और दूरदर्शन की पहुँच तथा संचार अवसंरचना को मजबूत करेगी।

## Newspaper of 15 June, 2026

### दुनिया का पहला RTI लिविंग म्यूजियम ब्यावर में बनाया जाएगा; RTI कानून की मंजूरी के 21 वर्ष पूरे हुए–

देश में लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सूचना के अधिकार कानून को लागू करने के लिए जहाँ सबसे बड़ा 44 दिन तक धरना दिया गया, उसी ब्यावर में दुनिया का पहला आरटीआई लिविंग म्यूजियम बनेगा। इसके लिए नरबद खेड़ा (केसरपुरा क्षेत्र) में 1 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। 21 साल पहले 15 जून को यहीं से आरटीआई के लिए आंदोलन की शुरुआत हुई थी, इसके बाद जयपुर और अन्य जगह पर आंदोलन किया गया। इस म्यूजियम का निर्माण और संचालन स्कूल फॉर डेमोक्रेसी (लोकतंत्र की पाठशाला) संस्था की ओर से किया जा रहा है। इस संग्रहालय को पारंपरिक म्यूजियम (जीवंत संग्रहालय) के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें वर्ष 1996 के ब्यावर धरने और जनआंदोलन से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज, तस्वीरें, पोस्टर, पर्चे और अभिलेख, ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और फिल्म फुटेज, मजदूर किसान शक्ति संगठन और राष्ट्रीय सूचना अधिकार अभियान के संघर्षों

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

की गाथा दिखाई जाएगी। इसके अलावा यह एक रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर बनेगा।

## ■ राज्य में नमक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नियमों में संशोधन; अब ई-ऑक्शन से भूखंड आवंटन होगा–

राजस्थान सरकार द्वारा नमक उत्पादकों के हित को ध्यान में रखते हुए भूखंड आवंटन से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है। राज्य में नमक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में प्रचलित नियमों में संशोधन कर राजस्थान (लवण क्षेत्रों में भूखंड आवंटन) संशोधन नियम, 2026 जारी किए गए है। नए नियमों के अनुसार, अब नमक उद्योग के लिए भूखंड आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। पूर्व में यह प्रक्रिया लॉटरी आधारित थी। साथ ही, नियमों में अपील किए जाने, नमक इकाइयों के वर्गीकरण संबंधी प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। जिन जिलों में नमक उत्पादन हेतु लवणीय भूमि उपलब्ध है, उनमें अब सर्वे सीमांकन और भूखंडों के मापन के बाद आवंटन की कार्यवाही की जा सकेगी।

### 300 इकाइयाँ नवीनीकरण से वंचित थी, अब 6 माह की छूट मिलेगी–

पूर्व के नियमो में लीज समाप्त होने के चार वर्ष पश्चात् नवीनीकरण करने को कोई प्रावधान नहीं होने से लगभग 300 नमक उत्पादक इकाइयाँ लीज नवीनीकरण से वंचित थी, जिसके कारण नमक उत्पादक काफी परेशान थे।

- ♦ राज्य सरकार द्वारा ऐसी इकाइयों को 6 माह की एकमुश्त छूट प्रदान कर नमक उत्पादकों को काफी राहत प्रदान की है।
- ♦ इस छूट से नमक उत्पादक इकाइयों का लीज नवीनीकरण हो सकेगा और राज्य सरकार को राजस्व में भी फायदा मिलेगा।

**Newspaper of 16 June, 2026**

## ■ विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 1 जुलाई से लागू होगा; राजस्थान के लिए कुल 11 हजार 581 करोड़ रुपये से अधिक का ऐतिहासिक आवंटन हुआ–

विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 1 जुलाई, 2026 से पूरे देश में लागू होने जा रहा है। वीबी-जी राम जी योजना मनरेगा के स्थान पर लाई गई है।

- ♦ वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केन्द्र सरकार ने इस योजना में 95 हजार 692 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए अब तक का सर्वाधिक आवंटन है।
- ♦ राज्यों के राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।
- ♦ राजस्थान के लिए केन्द्र सरकार ने इस योजना में 7 हजार 581 करोड़ रुपये से अधिक का अंतरिम आवंटन निर्धारित किया है।
- ♦ इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया जाएगा, जिसे आवश्यकता एवं मांग के अनुसार बढ़ाया भी जा सकेगा।
- ♦ इस प्रकार राजस्थान में इस योजना के लिए कुल 11 हजार 581 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध होगी, जो प्रदेश में ग्रामीण रोजगार गारंटी के लिए अब तक का सर्वाधिक आवंटन है।

### विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 क्या है?

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025, ग्रामीण रोजगार एवं विकास से संबंधित एक कानून है।

- ♦ इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के अकुशल मजदूरी वाले रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान करके और उत्पादक ग्रामीण परिसंपत्तियों के निर्माण को बढ़ावा देकर ग्रामीण विकास को विकसित भारत @2047 की परिकल्पना के अनुरूप ढालना है।

**पंजीकरण–**जिन ग्रामीण परिवारों के पास एमजीएनआरईजीए जॉब कॉर्ड नहीं है, वे अपने परिवार के किसी वयस्क सदस्य के जरिए संबंधित ग्राम पंचायत को परिवार के सदस्यों के नाम, आयु और पते की जानकारी जमा करके ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करवाने के पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**अनुमत कार्य–**यह अधिनियम सतत और सुदृढ़ ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार प्रमुख विषयगत क्षेत्रों के तहत कार्यों के निष्पादन की अनुमति देता है–

- ♦ जल सुरक्षा से संबंधित कार्य
- ♦ ग्रामीण बुनियादी ढांचा
- ♦ आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा
- ♦ चरम मौसम से बचाव संबंधी कार्य

ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे प्रत्येक पात्र परिवार को अब एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिनों की रोजगार गारंटी का वैधानिक अधिकार दिया गया है, जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे जाते हैं।

- ♦ पहले श्रमिकों को 15 दिनों में भुगतान किया जाता था, अब साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान किया गया है।
- ♦ भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक अथवा डाकघर खातों में जाएगा। इससे पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी।
- ♦ निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते का तथा मजदूरी भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति का वैधानिक प्रावधान किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 17 June, 2026

■ **राजस्थान सरकार ने बालोतरा में रेयर अर्थ खनिज की खोज को मंजूरी दी; NIA के लिए विशेष न्यायालय बनेगा; 8 नए जिलों में गठित होगा नागरिक सुरक्षा कोर–**

15 जून, 2026 को राजस्थान सरकार ने राज्य के विकास, न्यायिक व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा से जुड़े बड़े निर्णयों को मंजूरी दी। इनमें बालोतरा जिले के नवातला और देवीगढ़ क्षेत्र में रेयर अर्थ एलिमेंट्स (दुर्लभ खनिज) के एक्सप्लोरेशन, एनआईए मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना तथा 8 नए जिलों में नागरिक सुरक्षा कोर के गठन की मंजूरी शामिल है। बालोतरा जिले के पचपदरा व शेरगढ़ क्षेत्र के नवातला और देवीगढ़ गांवों में 207.63 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रेयर अर्थ एलिमेंट्स खनिज ब्लॉक के एक्सप्लोरेशन को मंजूरी दी है।

**NIA के लिए बनेगा विशेष न्यायालय–**सरकार ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण में मदद मिलेगी तथा न्यायिक प्रक्रिया अधिक प्रभावी बन सकेगी।

राज्य के 8 नए जिलों में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किया जाएगा। इनमें बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, फलौदी, सलूम्बर, खैरथल-तिजारा, डीग, कोटपूतली-बहरोड़ और ब्यावर शामिल हैं।

- ♦ यह इन जिलों में आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण पहल है।
- ♦ मुख्यमंत्री ने राज्य में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना करने की स्वीकृति दी है।
- ♦ इससे राज्य में न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ और प्रभावी होगी तथा मामलों के त्वरित निस्तारण में सहायता मिलेगी।

## Newspaper of 19 June, 2026

■ **जयपुर के राजेन्द्र ने आयरनमैन खिताब जीता–**

राजस्थान के जाने-माने ट्रायएथलीट राजेन्द्र भास्कर ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रौशन कर आयरनमैन का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने ये खिताब फ्रांस के टूर्स मेट्रोपोल लॉयर वैली में आयोजित प्रतिष्ठित आयरनमैन प्रतियोगिता को 10 घंटे 6 मिनट 31 सेकण्ड में पूरा कर हासिल किया। जयपुर निवासी राजेन्द्र ने 3.8 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी मैराथन दौड़ सहित कुल 226 किमी को चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस रेस में 90 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में राजेन्द्र तैराकी में 1 घंटा 27 मिनट 55 सेकण्ड, साइकिलिंग 5 घंटे 00 मिनट 18 सेकण्ड, तथा मैराथन दौड़ 3 घंटे 26 मिनट 53 सेकण्ड में पूरी की।

इससे पहले राजेन्द्र 2019 में तुर्की में आयोजित आयरन मैन 70.3 प्रतियोगिता में 4 घंटे 29 मिनट का समय निकालकर राजस्थान के सबसे तेज हाफ आयरन मैन बने थे। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया हुआ है तथा चेन्नई ट्रायथलॉन के विजेता भी रह चुके हैं। राजेन्द्र भास्कर राजस्थान के सबसे तेज आयरन मैन और भारत में टॉप 5 में शामिल हैं। राजेन्द्र इससे पहले सोलर साइकिल से 7424 किलोमीटर की यात्रा तथा फ्रांस, स्विट्जरलैंड समेत कई देशों में 3500 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं। आइआइटी मुंबई से एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक करने वाले राजेन्द्र वर्तमान में हेल्थ टेक क्षेत्र में कार्यरत हैं।

■ **हाल ही में सीएम भजनलाल शर्मा ने नेशनल चैम्पियनशिप और पैरा नेशनल चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त 50 खिलाड़ियों को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति दिए जाने एवं इन्हें माध्यमिक शिक्षा विभाग आवंटित किए जाने की मंजूरी प्रदान की है। नेशनल चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त इन 50 खिलाड़ियों को जांच एवं परीक्षण उपरांत नियुक्ति के योग्य पाया गया है। इन 50 खिलाड़ियों को नियुक्ति प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। शीघ्र ही, इन्हें माध्यमिक शिक्षा विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर पदस्थापित किया जाएगा।**

## Newspaper of 20 June, 2026

■ **हाल ही में प्रोफेसर विमल एन. पटेल अन्तरराष्ट्रीय समुद्री कानून ट्रिब्यूनल (आईटीएलओएस) के जज चुने गए हैं। वे 2026-2035 तक सेवा देंगे। वे 1 अक्टूबर, 2026 को पदभार संभालेंगे। आईटीएलओएस समुद्री कानूनों से जुड़े विवादों का समाधान करता है। पटेल वर्तमान में इंटरनेशनल लॉ कमीशन के सदस्य व गुजरात स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति है।**

■ **राज्यपाल ने आरपीएससी (RPSC) में दो नए सदस्यों की नियुक्ति की–**

19 जून, 2026 को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में प्रो. (डॉ.)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संतोष आनंद और डॉ. दीपक कुमार शर्मा को सदस्य पद पर नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 6 वर्ष की अवधि अथवा 62 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) के लिए की गई है। डॉ. दीपक शर्मा ने 22 जून, 2026 को पदभार ग्रहण किया। आरपीएससी अध्यक्ष यू.आर.साहू के 19 जून को सेवानिवृत्त होने के बाद सीनियर मेंबर लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) केसरी सिंह राठौड़ को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है।

## Newspaper of 21 June, 2026

- **20 जून, 2026 को राजस्थान सरकार ने माउण्ट आबू में धन्यवाद सभा के दौरान आबू पर्वत का नाम आबूराज पुनः स्थापित किया गया है। 'आबूराज' नाम हमारी संस्कृति के साथ जनता की आस्था, संत समाज की भावना का सम्मान है।**

- **20 जून, 2026 को राजस्थान सरकार ने शिक्षाविद् हनुमान सिह राठौड़ को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने रीट पेपर लीक मामले में तत्कालीन अध्यक्ष प्रो. डी.पी. जारोली को 29 जनवरी, 2022 को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद से लगातार बोर्ड में आइएएस प्रशासक के रूप में कार्यरत रहे। हनुमान सिंह राठौड़ मूलतः पीसांगन निवासी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाहक रहे हैं।**

- **राजस्थान के दो शहरों जयपुर व भीलवाड़ा में पीएम ई-बस सेवा शुरू हुई; राजस्थान के आठ शहरों में 1150 ई-बसों का संचालन होगा–**

20 जून, 2026 को राज्य में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर में पहली बार 29 इलेक्ट्रिक बसों को अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि भीलवाड़ा में 18 ई-बसों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।

**1150 ई-बसों के संचालन की योजना**

- आधुनिक सुविधाओं से लैस इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांगजन के लिए विशेष सुविधा और महिलाओं की सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। राज्य सरकार भविष्य में शहरी परिवहन के लिए 555 और पर्यटकों के लिए 50 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसें भी संचालित करेगी। मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति से स्टेट हेंगर तक ई-बस में सफर किया।
- सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत प्रदेश में स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने राजस्थान का आठ शहरों के लिए 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की हैं, जबकि अतिरिक्त 475 बसें भी मिलेंगी। इस तरह 1150 ई-बसों के संचालन की योजना है और पहले चरण में दीपावली तक 675 ई-बसें सड़कों पर उतरेंगी।

## Newspaper of 22 June, 2026

- **रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रेलसेवा का शुभारंभ, मेगा कोचिंग टर्मिनल खातीपुरा का उद्घाटन किया–**

21 जून, 2026 को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन से जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ किया तथा ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

- साथ ही, मेगा कोचिंग टर्मिनल खातीपुरा एवं रेलवे स्टेशनों पर उन्नत यात्री सुविधाओं का शुभारंभ भी किया।
- सीकर स्थिति खाटूश्याम जी के पास सुंदरपुरा में रेलवे स्टेशन विकसित करने की घोषणा भी की।
- रेलमंत्री ने कहा कि जयपुर में विकसित मेगा कोचिंग टर्मिनल रेलवे अवसंरचना को नई मजबूती प्रदान करेगा, यहाँ लगभग 450 रेलगाड़ियों का मेंटेनेंस किया जा सकेगा।

## Newspaper of 24 June, 2026

- **हाल ही में राज्य सरकार ने दिंगबर जैन संत आचार्य वर्धमान सागर (76) को तीसरी बार राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। आचार्य वर्धमान सागर गत 57 साल से संयम साधना में लीन हैं तथा 36 वर्षों से आचार्य पद का दायित्व निभा रहे हैं। गौरतलब है कि उन्हें वर्ष 2022 और 2025 में भी राजकीय अतिथि का दर्जा मिल चुका है।**

- **राजस्थान सरकार ने हाल ही में राज्य में आठ नए न्यायालयों की स्थापना एवं संचालन को मंजूरी दी है। विधि एवं विधिक कार्य विभाग ने अधिसूचना जारी की है।**

**नवस्थापित न्यायालय–**

- वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय-करेड़ा, भीलवाड़ा।
- सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट-भिनाय, अजमेर
- सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट-गुलाबपुरा, भीलवाड़ा
- सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट-बज्जू, बीकानेर
- अपर जिला न्यायाधीश-धोरीमन्ना, बालोतरा

- अपर जिला न्यायाधीश संख्या-2-पोकरण, जैसलमेर
- अपर जिला न्यायाधीश संख्या-2-रामगढ़, अलवर
- विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण-सुमेरपुर, पाली

## Newspaper of 25 June, 2026

### लम्पी टीकाकरण अभियान के द्वितीय चरण का शुभारम्भ–

24 जून, 2026 को पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा गोवंश को लम्पी स्किन डिजीज (LSD) से सुरक्षित रखने के लिए राज्य-स्तरीय टीकाकरण अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई।

- इस अभियान की शुरुआत ब्यावर की तिजारती सर्राफान चैम्बर गोशाला से की गई।
- अभियान में होमोलॉगस रांची स्ट्रेन लाइव एटेन्यूएटेड वैक्सीन का उपयोग किया जा रहा है।

**टीकाकरण के प्रमुख लक्ष्य–**

- **वर्ष 2026-27 का लक्ष्य–**इस वर्ष राज्य में 111.51 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें से ब्यावर जिले में 1,23,936 गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण होगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में वर्ष 2025-26 के दौरान 108.95 लाख गोवंशीय पशुओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया था।

### स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 में राजस्थान को देश में तीसरा स्थान मिला–

जून 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग' (SHVR) 2025-26 में राजस्थान ने पूरे देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस बड़ी उपलब्धि के तहत प्रदेश के 11 विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर का मेरिट प्रमाण-पत्र दिया गया है।

- बाड़मेर का 'राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खारिया गोगलिया (रामसर)' देशभर के टॉप 10 स्कूलों में शामिल होकर 10वीं रैंक पर रहा।
- चयनित इन 11 स्कूलों में से प्रत्येक को पर्यावरणीय गतिविधियों के लिए केन्द्र सरकार की ओर से ₹21 लाख की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिलेगी।

**राष्ट्रीय मेरिट से सम्मानित राजस्थान के 11 विद्यालय–**

- राउप्रावि खारिया गोगलिया (रामसर)
- पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय (वायुसेना स्टेशन उत्तरलाई)
- पीएम श्री रा.प्रा.वि, परालिया की ढाणी, कोटा
- सोफिया गर्ल्स सी.सै. स्कूल, वल्लभनगर, कोटा
- राउप्रावि. उजीण सिंह का नाडा बेरी, सीकर
- राउप्रावि अभयपुरा, चूरू
- स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, देवली, टोंक
- राउमावि, बावरा, ब्यावर
- दरबार रासीसै स्कूल अं.मा. सांभर लेक, जयपुर
- जवाहर नवोदय विद्यालय, तलवाड़ा, बांसवाड़ा
- राप्रावि रोडेवाला, डूंगरपुर

## Newspaper of 26 June, 2026

### हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान के लगभग 1250 लोकतंत्र सेनानियों की मासिक पेंशन ₹5000 बढ़ाकर ₹25000 और चिकित्सा सहायता ₹4000 बढ़ाकर ₹5000 करने की घोषणा की है। यह घोषणा संविधान हत्या दिवस (25 जून, 2026) पर आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह में की गई।

### मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर को वैश्विक अवॉर्ड दिया; 7171 मेगावाट विद्युत उत्पादन करते हुए सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि–

प्रदेश में ऐतिहासिक विद्युत उत्पादन की राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने पर मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (इंडिया) द्वारा रिकॉर्ड श्रेणी में दर्ज कर विद्युत भवन में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को वैश्विक सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

- राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के विद्युतगृहों की कोयला आधारित कुल क्षमता 7580 मेगावाट क्षमता की 23 इकाइयों से 2 जून, 2026 को उत्पादन निगम के गठन से लेकर अब तक का राज्य स्तर पर उच्चतम 7171 मेगावाट विद्युत उत्पादन करते हुए सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल की।
- इसमें विद्युत उत्पादन निगम ने भी पूर्व में इकाइयों के तहत चली आ रही तकनीकी खामियों को दूर करते हुए इकाइयों का चरणबद्ध तरीके से उचित रखरखाव करने से उत्पादन निगम के गठन के बाद से कोयला आधारित इकाइयों से 94.60% यूटिलाइजेशन के साथ अब तक का उच्चतम 7171 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया गया।

## Newspaper of 28 June, 2026

### अन्तरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएँ कीं–

27 जून, 2026 को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में एमएसएमई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हस्तशिल्प, स्टार्टअप और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के विकास के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लिए कई अहम बदलाव किए। वर्तमान में 33 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमों के साथ राजस्थान देश का चौथा सबसे बड़ा एमएसएमई राज्य बन गया है।

इस कार्यक्रम में 'राजस्थान औद्योगिक विकास नीति' और 'ओडीओपी कॉफी टेबल बुक' का विमोचन हुआ तथा 'रैम्प पोर्टल' शुरू किया गया।

**प्रमुख नीतिगत घोषणाएँ–**

- बुनकरों और सूक्ष्म उद्यमों के लिए पीपीपी मॉडल पर हाट बनेंगे। प्रथम चरण में पुष्कर, नाथद्वारा, जैसलमेर और अलवर का चयन।
- रिप्स (RIPS) के तहत एमएसएमई के लिए सब्सिडी अवधि 10 वर्ष से घटाकर 7 वर्ष की गई।
- इलेक्ट्रॉनिक्स व सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए रिप्स-2024 में न्यूनतम निवेश सीमा ₹15 करोड़ होगी।
- भारत सरकार की ईसीएमएस (ECMS) योजना की परियोजनाओं को अब 3 के बजाय 5 चरणों में निवेश की अनुमति।
- इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में महिला व दिव्यांग कार्मिकों का भत्ता ₹4000 से बढ़ाकर ₹6000 प्रतिमाह किया गाय।
- राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड से इस वर्ष 25 नए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता मिलेगी।
- पंच गौरव योजना की प्रसंस्करण इकाइयों को वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट योजना में वित्तीय मदद दी जाएगी।

## Newspaper of 29 June, 2026

### कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में सीकर जिले ने पुरुष एवं महिला दोनों खिताब जीते–

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) द्वारा राज्य-स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जून, 2026 में सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में किया गया। 27 जून, 2026 को सीकर महिला टीम ने जयपुर को हराकर खिताब जीता।

28 जून, 2026 को सीकर पुरुष टीम ने उदयपुर के विरुद्ध पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब जीता।

सीकर ने पहली बार राज्यस्तरीय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला-दोनों वर्गों के खिताब अपने नाम किए। रोहन राजभर (जयपुर) सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज तथा आयुष आमेरिया (जयपुर) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गए।

## Newspaper of 30 June, 2026

### सिरोही को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में 'रोशनी अभियान' चलेगा–

महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन के द्वारा राजस्थान के सिरोही जिले में एनीमिया मुक्त सिरोही अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

- अभियान के तहत मुख्यत: बालिकाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके हीमोग्लोबिन की जांच कर प्रभावी बालिकाओं के स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।
- इस अभियान के प्रथम चरण के तहत 15 जुलाई से 15 अक्टूबर तक जो गतिविधियों की जाएगी, उससे पूर्व 01 जुलाई से 15 जुलाई तक विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तावित हैं।
- इसके तहत स्वास्थ्य कार्मिक, हॉस्टल वार्डन, प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों-अध्यापिकाओं के क्षमता संवर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- प्रथम चरण की समीक्षा के बाद द्वितीय चरण 15 जनवरी से 15 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसके तहत राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 से 12 की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात हीमोग्लोबिन चेकअप करवाया जाएगा।

### राजस्थान-हरियाणा यमुना जल परियोजना समझौता–

29 जून, 2026 को नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना जल परियोजना के निर्माण एवं क्रियान्वयन हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत राजस्थान के हिस्से का पानी हथिनीकुंड बैराज से लगभग 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन प्रणाली के माध्यम से चूरू जिले के हंसियावास (चूरू) जलाशय तक पहुँचाया जाएगा। जुलाई से अक्टूबर के बीच यमुना नहर से लगभग 580 एमसीएम जल तीन भूमिगत पाइपलाइनों के माध्यम से मिलेगा। प्रत्येक पाइपलाइन का व्यास 3.6 मीटर से अधिक होगा। इस परियोजना की ₹34102 करोड़ (अनुमानित) लागत है।

राजस्थान के सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों तथा हरियाणा के भिवानी और फतेहाबाद क्षेत्रों को पेयजल उपलब्ध होगा।

यह व्यवस्था वर्ष 1994 के अपर यमुना बेसिन जल-बँटवारा समझौते के अंतर्गत राजस्थान के हिस्से के जल के उपयोग को सुनिश्चित करेगी।

□□□


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## आगामी परीक्षाओं हेतु राजस्थान सामान्य ज्ञान PYQ की श्रेष्ठ पुस्तकें
## प्रत्येक प्रश्न की विस्तृत व्याख्या




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित अन्य प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन
Join Our App

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन
Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com